हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 मई 2024

11 ग्रामीण पंप ऑपरेटर सीखेंगे प्लंबर व फीटर का काम



12 हादसे में मृत बच्चों के परिजनों को न्याय नहीं मिला तो होगा आंदोलन



## पार्टी नेताओं की मौजूदगी में सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन

- भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के लिए मैदान में 17 उम्मीदवार, मतदान के लिए लगेगी दो ईवीएम यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा आम चुनाव के लिए भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में अब प्रत्येक बूथ पर एक कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी के साथ दो बैलेट यूनिट लगेंगी। इसके लिए मंगलवार को राजनीतिक दलों की मौजूदगी में बैलेट यूनिट व उसी अनुपात में रिजर्व में लगने वाली कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी की पहली सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई।



यह जानकारी देते हुए भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि 15 मई को ऑब्जर्वर की मौजूदगी में दूसरी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी भिवानी और चरखी दादरी तथा सभी एआरओ भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान राजनीतिक दल भी मौजूद रहेंगे। डीसी ने बताया कि बैलेट यूनिट पर 15 कैंडिडेट के लिए बटन होते हैं। अब कैंडिडेट अधिक होने के कारण दो बैलेट यूनिट लगानी पड़ेगी।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए 3 जून तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एचएसईबी भिवानी एवं सीबीएसई दिल्ली के 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट आ चुके हैं। ऐसे विद्यार्थियों के सामने रोजगारपरक शिक्षा के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग भी एक बेहतर विकल्प हो सकता है। दाखिला लेने वालों को पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 3 जून है। जबकि लैटरल एंट्री स्कीम के तहत तीन साल के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के सीधे दूसरे साल में ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 27 मई है। कॉलेज के छह कोर्सों में 420 सीटों पर दाखिला किया जाएगा।

### आवश्यक दस्तावेज

संस्थान में दाखिले के लिए विद्यार्थी के पास दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, लेटर एंट्री के तहत दाखिले के लिए 10वीं के सर्टिफिकेट के साथ 12वीं (पीसीएम), एनएसक्यूएफ लेवल-4, 2 वर्ष आईटीआई कोर्स (जो भी लागू होता है), उसके प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आय प्रमाण पत्र (एफवाई 2023), बैंक खाते की पासबुक, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो, रजिस्ट्रेशन फीस सामान्य वर्ग के लिए 1000 तथा अन्य सभी आरक्षित वर्ग (एससी/एससीडी/बीसी/पीएच/एफएफ/ईएसएम/ईडब्ल्यूएस/केएम/गर्ल्स) के लिए 700 रुपये है।

### यह कहते हैं प्राचार्य

प्राचचार्य अनिल यादव ने बताया कि छात्रों की सुविधा के लिए पूछताछ व रजिस्ट्रेशन की टीम गठित कर ही गई है तथा कोई भी आवेदक संस्था में आकर दाखिले से संबंधित जानकारी ले सकता है तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ आकर अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा सकता है।

### सीटों की स्थिति

संस्थान में सिविल में 60, कंप्यूटर में 60, इलेक्ट्रीकल में 60, इलेक्ट्रोनिक एंड कम्यूनिकेशन में 60, इंस्ट्रूमेंशन एंड कंट्रोल 60 एवं मैकेनिकल में 120 सीटें निश्चित हैं।

## खबर संक्षेप

### गुढ़ा पावर से बिजली 3 घंटे रहेगी बाधित

**कनीना।** गांव गुढ़ा स्थित 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन में बिजली उपकरणों की मरम्मत कार्य के चलते बुधवार सुबह आठ बजे से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली निगम कर्मी रमेश चंद ने बताया कि उपभोकताओं को निबार्ध रूप से बिजली सप्लाई करने के लिए निगम कर्मचारी प्रतिबध हैं।

### मारपीट में महिलाओं सहित 5 नामजद

**कनीना।** गांव गुढ़ा में गाली-गलोच कर बेटी व मां से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पीड़िता प्रीति ने बताया कि वह सुबह करीब साढ़े आठ बजे दूध-लस्सी लेने जा रही थी, तभी रास्ते में सुरेंद्र, कविता, ओमी, प्रेमचंद व कौशल्या ने साजबाज होकर गाली-गलोच कर मारपीट की। पुलिस ने सुरेंद्र, कविता, ओमी, कौशल्या व प्रेमचंद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कनीना।** कनीना-सिहोर सड़क पर सोमवार रात्रि हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वार्ड सात निवासी संदीप ने बताया कि उसका छोटा भाई प्रदीप व पड़ोसी मनीष बाइक पर सवार होकर सिहोर गांव की ओर गए थे। वापसी में नहर के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे बाइक सहित गिरकर जख्मी हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से उप नागरिक अस्पताल दाखिल करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके भाई प्रदीप को मृत घोषित कर दिया।



### रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता ग्रहण

**नारनौल।** मंगलवार को सीएमजीजीए दिवाकर कुमार, शीला मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से डा. अनिल कुमार यादव व डा. महेंद्र सिंह ने रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता ग्रहण की।

## गलत रिपोर्ट देकर सरकार को गुमराह कर रहे अधिकारी

# सिंचाई मंत्री के जिले के जोहड़ों में नहरी पानी पहुंचाने में हो रहा झोल

कागजों में डिवीजन के 143 में से 120 जोहड़ में भरा जा चुका नहरी पानी, 120 में से कई जोहड़ पानी की बूंद को तरसे, पैसे भेजने का मैसेज तो आया पर पैसा अभी नहीं मिला





महेंद्रगढ़। गांव दुलोठ अहीर में सूखा पड़ा जोहड़ और गांव पालड़ी पनिहार में सूखा पड़ा जोहड़। फोटोः हरिभूमि।

महेश कुमार ▶▶ महेंद्रगढ़

सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ओर से कागजों में महेंद्रगढ़ डिवीजन के 80 प्रतिशत गांवों के जोहड़ में पानी पहुंचाया जा चुका है, लेकिन हकीकत में इन गांवों में से कई गांव के जोहड़ ऐसे जिनमें एक बूंद पानी तक नहीं पहुंचा हैं। विभाग के अधिकारी सरकार को गलत रिपोर्ट देकर गुमराह कर रहे हैं। विभिन्न गांवों के सरपंच मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग कर चुके हैं।

बता दें कि अटल भूजल योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य गिरते भूजल की समस्या को दूर कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इस योजना में जिला महेंद्रगढ़ को भी शामिल किया गया था। इस योजना के तहत वर्ष दो बार गांव के जोहड़ों में नहरी पानी पहुंचाया जाना था। वर्तमान में महेंद्रगढ़ जिला की बात की जाएं तो अधिकाशं क्षेत्र का भूजल स्तर 1200 से 1500 फीट तक पहुंच गया है। अधिकाशं बोरवेल पूरी तरह से ठप्प हो चुके हैं। अटल भूजल के तहत गांवों के जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाने की योजना की बनी तो किसानों की उम्मीद जगी थी कि अब गांवों के भूजल स्तर में सुधार होगा तथा किसान दोबारा से खेती कर सकेंगे, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों की उम्मीदें धरी की धरी रह गई। करोड़ों की राशि खर्च होने के बाद भी कई गांवों के जोहड़ सुखे पड़े हैं। वहीं अधिकारी भी सरकार को गुमराह करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### किसी जोहड़ में नहीं पहुंचा है पानी



दुलोठ अहीर के सरपंच देवेंद्र कुमार ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारी करीब तीन साल से गांव तीन जोहड़ में नहरी पानी आता दिखा रहे हैं, लेकिन अभी तक गांव के किसी भी जोहड़ में नहरी पानी नहीं पहुंचा है। वह अन्य सरपंच साथियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को भी इस बारे में शिकायत भेज चुके हैं।

### इन गांवों के जोहड़ में नहीं पहुंचा है नहरी पानी

महेंद्रगढ़ डिवीजन के अंतगर्त 143 जोहड़ आते हैं। विभाग के कागजों में 120 जोहड़ नहरी पानी से लबालब हो चुके हैं। वहीं 14 जोहड़ में 50 प्रतिशत पानी पहुंचाया जा चुका हैं। केवल नौ जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाया जाना हैं, लेकिन हकीकत कुछ ओर ही बयां कर रही है। विभाग के अधिकारी कई वर्षों से अनेक गांवों के जोहड़ में पानी भरा हुआ दिखाते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक इन जोहड़ में एक बूंद पानी भी नहीं पहुंचा हैं। जिन गांवों के जोहड़ में एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है, उनमें गांव गडानियां, खेड़की, पल्ह, खैरोली, बैरावास, दुलोठ अहीर, पाली, जोनावास, झूक, नांगल हरनाथ मालड़ा बास, छाजियावास, मेघनवास व पालड़ी पनिहारा आदि सहित कई गांव ऐसे हैं, जिनमें नहरी पानी नहीं पहुंचा है। इनमें से कई गांव तो ऐसे हैं, जिनमें अभी पाइपलाइन भी नहीं बिछाई गई है।

### गांव के अभी 7 में से चार जोहड़ में आ रहा है पानी

पाली गांव के सरपंच देशराज फौजी ने बताया कि पूर्व पंचायत ने गांव जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाने की योजना बनी थी। गांव 7 जोहड़ नहरी पानी पहुंचाने की बात कही जा रही है, लेकिन हकीकत में केवल चार जोहड़ में नहरी पानी पहुंचा है।

### अभी डाली जा रही पाइपलाइन



मेघनवास के सरपंच जयपाल ने बताया कि मेघनवास गांव में चार जोहड़ हैं। अभी तक किसी भी जोहड़ में नहरी नहीं पानी नहीं पहुंच रहा है। अभी तक पाइपलाइन ही नहीं बिछाई है। अगर गांव के जोहड़ में नहरी पानी आता है तो ग्रामीणों को काफी फायदा मिलेगा। अधिकारी खुद को बचाने के लिए सरकार को गुमराह कर रहे हैं।

### गुमराह कर रहे अधिकारी

पालड़ी पनिहारा के सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि अटल भूजल योजना सरकार की काफी अच्छी योजना है, लेकिन यह योजना धरातल नहीं उतर पा रही है। उनके द्वारा गांव के जोहड़ में पानी पहुंचाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन अभी तक नहरी पानी नहीं पहुंचा है। अभी भी एक जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

## राव इंद्रजीत सिंह के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना समाप्त

- 428 दिन से धरने पर बैठे थे ग्रामीण
- 152 डी पर कट देने की कर रहे थे मांग

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के लिए कट छोड़ने की मांग को लेकर पिछले 14 माह से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीणों को गुरुग्राम लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह व भिवानी-महेंद्रगढ़ के उम्मीदवार चौ. धर्मबीर सिंह के कट बनवाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया है। धरना समाप्त होने के बाद ग्रामीणों व प्रशासन ने राहत की सांस ली है। जनप्रतिनिधि सोमवार को सेहलंग व कनीना में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। धरना संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने धरने के 428वें दिन उनसे मुलाकात की। राव इंद्रजीत सिंह के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना स्थगित करने का ऐलान कर दिया। मंगलवार से कोई भी ग्रामीण धरना स्थल पर नहीं पहुंचा।

## खेड़ी गांव में पंचायती जमीन को लेकर दो गुटों में झगड़ा

- कोर्ट ने 2013 में दिए थे कब्जा हटाने के आदेश
- जबरन मकान बनाने का लगाया आरोप, घटना की वीडिया रिकार्डिंग भी पुलिस के सामने की पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव खेड़ी में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट में पुलिस ने छह व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इस बारे में पीड़ित महिला लज्जा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवीन, पूजा, रेखा, श्याम सिंह, सावित्री देवी ने पंचायत की मलकियत पर एक कनाल 14 मरला भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिससे रास्ता अवरूद्ध हो गया। इस भूमि पर महिला बाला देवी की ओर से भी पक्की तामीर की गई थी, जिसे लेकर रविंद्र व सुदर्शन ने वर्ष 2012 में कनीना स्थित सक्षम न्यायालय में सात वीसीएल का वाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश मुताबिक एलसी नियुक्त कर पैमाइश कर उसकी रिपोर्ट तैयार की गई थी। जिसमें उपरोक्त रक्बा में पक्की तामीर होना पाया गया था। न्यायालय ने 2013 में कब्जेधारी को बेदखल करने के आदेश पारित किए थे। इसके 28 अप्रैल को उपरोक्त लोगों ने अपने रिश्तेदार राजमिस्त्री को बुलाकर जबरन मकान बनाने का कार्य शुरू किया। इस पर जब उन्हें जब मना किया गया तो आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। घटना में प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसमें सुनिता देवी, हीरासिंह, निशा देवी घायल हुए तथा उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पुलिस ने नवीन, पूजा, रेखा, श्याम सिंह, सावित्री देवी व राजमिस्त्री के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## एसडीएम व तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

- अधिकारियों को निर्धारित अवधि में समाधान करने के दिए आदेश।

हरिभूमि न्यूजः महेंद्रगढ़

एसडीएम संजीव कुमार व तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने प्रशासनिक भवन में लगे साप्ताहिक कैंप कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनी। इस मौके पर नौ शिकायतें आई, इनमें अधिकतर का मौके पर ही निपटान किया। एसडीएम संजीव कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित जो भी शिकायत आती है उसका समय अवधि में ही समाधान करें। किसी भी आमजन को बार-बार कार्यालय के चक्कर न कटवाएं। इस मौके पर अवैध कब्जे, बिजली व पानी, परिवार पहचान पत्र व अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीओ डॉ. बलजीत, एसडीओ गजानंद, मोहनलाल, हिमांशु जांगड़ा, प्रवीण कोच, सुरेंद्र लांबा, अनिल कुमार, प्रदीप, अनिता भालोठिया, रवि तंवर बसई, विजेंद्र सिंह कुंडू व लिपिक प्रदीप कुमार मौजूद रहे।



## बीएनडी स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट



**महेंद्रगढ़।** एचएसईबी भिवानी द्वारा घोषित किए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में बीएनडी स्कूल ने परचम लहराया है। विद्यालय छात्र प्रेमप्रकाश ने 496, विशु ने 493, विशेष ने 488 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 18 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 35 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 56 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 68 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 81 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त गणित में 100, विज्ञान में 100, सामाजिक विज्ञान में 100, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा में 100, अंग्रेजी में 99 एवं हिंदी में 99 अंक अधिकतम रहे। विद्यालय के पांच बच्चों ने गणित में, पांच बच्चों ने विज्ञान में, तीन बच्चों ने सामाजिक विज्ञान में एवं तीन बच्चों ने स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा में 100 अंक प्राप्त किए। छात्र प्रेमप्रकाश द्वारा टॉप किए जाने के कारण विद्यालय में हर्ष एवं खुशी का माहौल रहा। चेयरमैन विजयपाल यादव, एमडी अमित यादव, प्राचार्य हनुमंत शर्मा ने बच्चों को बधाई दी।

## एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

- अधिकारियों को शिकायतों का तत्परता से समाधान करने के दिए निर्देश

**महेंद्रगढ़।** एसपी अर्श वर्मा ने मंगलवार को लघुसचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में क्षेत्र व आसपास के लोगों की शिकायत सुनी। मौके पर समाधान कर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने वहां पर मौजूद अधिकारियों को लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए। एसपी ने वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को पेंडिंग में न डालें। थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनें और त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चुनावी ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में पुलिस की भूमिका को अवगत कराते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन सच्ची निष्ठा व ईमानदारी से करने की हिदायत दी।



## हकेंवि के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

- भ्रमण से छात्रों को मिलता है व्यावहारिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग और उसके कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि औद्योगिक दौरा विद्यार्थियों के लिए सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच अंतर को पाटने का एक अवसर होता है। भ्रमण से विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग की आंतरिक कार्यप्रणाली और चुनौतियों को जानने-समझने में मदद मिलेगी। मैकलियोड्स फार्मा, बद्दी महाप्रबंधक चंद्रकांत ने विद्यार्थियों को बताया कि कंपनी कई खुराक रूपों में विभिन्न फॉर्मूलेशन का उत्पादन करती है, जैसे गोलियां और कैप्सूल, ओरल तरल पदार्थ, सूखे सिरप, सामयिक, ग्रैन्यूल, इन्हेलर, एरोसोल और इंजेक्शन प्रमुख रूप से शामिल हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उत्कृष्टता केंद्र, बद्दी इकाई के प्रशिक्षण प्रमुख निश्चय ने उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग की जानकारी दी। डीन प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि इस तरह के औद्योगिक दौरे विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने और उन्हें बायोमेडिकल विज्ञान में सफल करियर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण हैं। बायोमेडिकल साइंस की समन्वयक डॉ. ऋचा रिटायर सहायक औषधि नियंत्रक राजेंद्र कुमार हरना और हिमाचल प्रदेश के राज्य औषधि नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर का आभार व्यक्त किया। इस औद्योगिक यात्रा के दौरान बायोमेडिकल साइंसेज की समन्वयक डॉ. ऋचा, कौशल विकास विभाग के संकाय सदस्य डॉ. अनुरंजिता, डॉ. सुनील और डॉ. प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।



## डीसी ने पत्रकार वार्ता में दी चुनाव तैयारियों की जानकारी

# लोस चुनावः 25 लाख नकदी, सामान, शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा आम चुनाव के लिए आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों पर हीट वेव को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के इंतजाम होंगे। जिले में 367 नागरिकों ने घर से वोट डालने के लिए 12-डी फार्म भरा है। पोलिंग टीम उनके घर जाकर बैलेट पेपर के जरिए वोट डलवाएगी। यह जानकारी भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत में कही।



85 वर्ष से अधिक आयु तथा 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगों को घर से वोट डालने का आप्शन मांगा था। जिले में ऐसे 367 नागरिकों ने इस सुविधा के लिए अपने बीएलओ के माध्यम से 12-डी फार्म में आवेदन किया था। इनमें 260 सीनियर सिटीजन व 107 विकलांग जन शामिल हैं। मतदान केंद्रों पर भी बुजुर्ग तथा दिव्यांग जनों की सहायता के लिए रेडक्रॉस के वालंटियर मौजूद रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा रैंप, शौचालय तथा प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। हीट वेव को ध्यान में रखते हुए जिन मतदान केंद्रों पर बरामदा नहीं है वहां पर टेंट लगाकर छाया की जाएगी।

### पहली बार मतदान करने वाले 50 हजार युवाओं पर फोकस

लघु सचिवालय से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप एक्टिविटी के नोडल अधिकारी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जिले में पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार इसमें इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जिले में 18 से 19 वर्ष के युवाओं की संख्या 17246 है। इन पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। इस मौके पर एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

जिले में 12 एफएसटी टीम तथा 12 एसएसटी नाके लगाए गए हैं। लगातार पूरी चुनावी प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। जिले में अब तक चुनावी प्रक्रिया के दौरान 25 लाख रुपये की कीमत के नशीले पदार्थ, नकदी तथा सामान जब्त किया गया है। किसी भी गतिविधि की सूचना देने में प्रेस का भी अहम रोल होता है। अगर कोई ऐसी अवैध गतिविधि की सूचना मिले तो तुरंत साझा करें। इसके लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर 01282-256960 पर फोन किया जा सकता है। इसके अलावा 1950 पर भी इस संबंध में शिकायत की जा सकती है। चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप भी बनाया है, जिस पर अभी तक जिले में 23 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।



# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं।



## लाइफ Style

# मन्नारा

## पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यून प्रोफेसी' में दिखाएंगी जलवा

**लॉस एंजिलिस।** क्रू के बाद तब्बू एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। देश में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली अभिनेत्री अब विदेश में अपने अभिनय का जलवा जल्द बिखेरती नजर आने वाली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री टीवी सीरीज ड्यूनः प्रोफेसी में एक अहम किरदार में दिखेंगी। यह टीवी सीरीज मूल रूप से 2019 में 'ड्यूनः द सिस्टरहुड' शीर्षक के तहत शुरू की गई थी। यह ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' से प्रेरित है।



# कान में दिखेगी तब्बू-अजय की फिल्म की झलक...

**लॉस एंजिलिस।** प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल आज 14 मई से शुरू हो गए हैं। यहां भारतीय फिल्में और फिल्म निर्माता देश की प्रतिभाओं से रूबरू कराएंगे। कान फेस्टिवल का 77वां संस्करण 25 मई तक चलेगा। इसमें तब्बू और अजय देवगन की आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की झलक दिखाई जाएगी। कान के भारत पवेलियन में फिल्म की झलक देखने को मिलेगी। अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक म्यूजिकल थ्रिलर फिल्म की स्नीक पीक कान में 17 मई को विशेष रूप से दिखाई जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। वहीं, इसका इसका संगीत ऑस्कर विजेता कंपोजर एम एम कीरवानी ने कंपोज किया है। यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# दीपिका ने मेहनत से पलट दी कायनात

**मुंबई।** टीवी स्टार दीपिका सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। दीपिका सिंह ने टीवी के कई सीरियल्स के किरदारों में जान फूंक कर शोहरत का ये खास मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है। बचपन में गरीबी की जिल्लत झेली और अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आज दीपिका सिंह टीवी की दुनिया की स्टार बन गईं है। दीपिका सिंह ने बीते दिनों मुंबई में स्ट्रगलिंग दिनों की कहानी भी सुनाई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक बार उनकी ही दोस्त ने उन्हें आधी रात घर से बाहर निकाल दिया था। उन्होंने बताया था बचपन में पैसों की कमी के चलते काफी बुरे अनुभवों को झेला है। उनके पिता का बिजनेस काफी घाटे में चला गया था। इसके चलते अचानक पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा।



# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# चिलचिलाती गर्मी में बेटियों संग पूल में उतरीं देबिना बनर्जी...

**नई दिल्ली।** टीवी की सीता माता देबिना बनर्जी अपनी दोनों बेटियों के साथ खूब मस्ती करती हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करके इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लेती हैं। एक बार फिर से देबिना ने गर्मी में पूल में मस्ती की है और बेटियों के साथ इसे और भी एक्साइटिंग बनाया है। टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली एक्ट्रेसेस में देबिना बनर्जी हैं। देबिना ने 'रामायण' में अपने को-एक्टर रहे गुरमीत चौधरी से शादी की है। बीते सालों में, इस जोड़ी ने कई कपल्स गोल्स दिए हैं। इनकी दो बेटियां हैं, जिनके साथ अक्सर देबिना मस्ती करती दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने बेटियों के साथ पूल पार्टी भी की। जहां देबिना अपने पति और बेटियों के साथ बेहद खुश हैं, वहीं वह अपनी छोटी बच्चियों के साथ भी अच्छा समय बिता रही हैं। क्योंकि वे बड़ी हो रही हैं। वे बहुत प्यारी दिखती हैं और गर्मी को देखते हुए देबिना ने पूल के अंदर गोता लगाकर अपने बच्चों के साथ मस्ती की है। पूल के पानी के अंदर खेलते हुए दोनों खुश दिख रही हैं और उनकी तस्वीरें बहुत प्यारी हैं।

# आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी



अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खदु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है। हफ्ते की इस ट्रिप के दौरान पूरे 10 लोग चांद की सैर करेंगे। देव ने बताया था कि वह अपने पायलट ट्रेनिंग शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और वह इसका बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बॉलीवुड से 100 गुना बेहतर हैं कोरियाई फिल्में : नसीरुद्दीन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा में एक महान शख्सियत हैं। पिछले चार दशकों में, उन्होंने फिल्म, थिएटर और टेलीविजन पर अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। नसीरुद्दीन शाह शानदार अभिनय से साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार उनकी कही बातों पर विवाद भी खड़ा हो जाता है। हाल ही में उन्होंने हिंदी सिनेमा में बन रही फिल्मों पर खुलकर बात की। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि कोरियाई फिल्में बॉलीवुड की फिल्मों से 100 गुना बेहतर हैं। हम दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हमारी फिल्में सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड की प्रेम कहानियां पसंद हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हॉलीवुड ही हमारा एकमात्र संदर्भ बिंदु है। जैसे भारतीय खाना खाया जाता है, हमारी फिल्में भी उसी तरह देखी जाती हैं। हालांकि, भारतीय खाने में कम से कम कुछ स्वाद तो है। हिंदी बुलबुला एक दिन फूट जाएगा और मुझे अभी से इसके बारे में यकीन है। क्योंकि हिंदी फिल्मों में अब सार की कमी है, उन्हें नए पैंतरे अपनाने की जरूरत है। नसीरुद्दीन अपने बयान को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। अभिनेता की सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आपको कोरिया में ही बस जाना चाहिए।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह वही लोग हैं, जो देश में रहकर ही यहां की बुराई करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'आप भी अब से कोरियाई फिल्मों में ही काम किया कीजिए।' नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बेजोड़ प्रतिभा और काम से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्हें आखिरी बार आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'कुट्टी' में देखा गया था। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# वो बॉलीवुड एक्टर जिसके हुनर के आगे सब थे नतमस्तक!



**मुंबई।** 80 के दशक में बॉलीवुड पर सदाशिव अमरापुरकर का राज चलता था। बिना इनके निगेटिव रोल्स के फिल्म अधूरी मानी जाती थीं। फिर चाहे वो 'सड़क' में महारानी बनकर लोगों की रूह कंपा देना हो या फिर 'अर्ध सत्य' में रामा शेट्टी के किरदार में जान फूंक देना हो। 'सड़क' में तो सदाशिव ने ऐसी दमदार एक्टिंग की थी कि फिल्मफेयर को अलग से निगेटिव रोल कैटेगरी का ऐलान करना पड़ा और पहला अवॉर्ड सदाशिव को मिला था। साल 1948 में आज ही के दिन पैदा होने वाले सदाशिव के फिल्मों में निभाए किरदार अमिट हैं। उनकी यादें अमिट हैं। विलेन बनने के बाद वो कॉमिक रोल्स और सपोर्टिंग रोल्स में भी नजर आए, लेकिन उनकी आत्मा 'थिएटर' में बसती थी। उन्होंने खुद कहा था कि थिएटर उनकी सांसें हैं। और जब एक्टिंग से दूर होते थे तो समाज की भलाई में खुद को सौंप देते थे। एक बार उनके साथ लोगों ने बहुत बुरा बर्ताव किया था। सदाशिव लोगों की अच्छाई चाहते थे, लेकिन होली के हुड़दंगियों के सिर पर ऐसी खुमारी सवार थी कि उन्होंने एक्टर की पिटाई कर दी थी। बहुत ही शर्मनाक। पर सदाशिव ने इस घटना को दिल से नहीं लगाया और तमाम एनजीओ के जरिए जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाते रहे। ऐसे ही थे सदाशिव अमरापुरकर।

सदाशिव अमरापुरकर का जन्म 11 मई 1948 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनका असली नाम गणेश कुमार नारवोडे भी बताया जाता है। 1983 से 2013 तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले सदाशिव को 1991 में 'सड़क' फिल्म की महारानी बनकर पहचान मिली। उन्हें अपने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और फिल्मफेयर ने पहली बार निगेटिव रोल कैटेगरी के लिए अवॉर्ड दिया था।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी हैं। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*




### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।




### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।

### उमराव जान



1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।

### देवदास



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।

## खबर संक्षेप



नारनौल। ओएसिस स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ओएसिस स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम

**नारनौल।** सीबीएसई ने सोमवार 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें ओएसिस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन परिणाम देकर अपने माता-पिता, स्कूल व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र तनुज पुत्र राजसिंह गांव कोरियावास ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में अपना पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 10 बच्चें 95 प्रतिशत से ऊपर तथा 28 बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर रहे। कुल 74 बच्चों ने मैरिट हासिल की। सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, उपप्राचार्य ईश्वर सिंह की तरफ से सभी बच्चों को उनके अभिभावकों को व अध्यापक/अध्यापिकाओं को बधाई दी गई तथा सभी बच्चों के लिए उज्ज्वल भविश्य की कामना की।



सतनाली मंडी। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सीबीएसई में यदुवंशी का प्रदर्शन रहा बेहतर

**सतनाली मंडी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं व 10वीं की परीक्षा परिणाम में बेहतर सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय की छात्रा रितिका ने 488 अंक प्राप्त किए, साथ ही विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 90 प्रतिशत से अधिक 30 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। 10वीं का परिणाम सराहनीय रहा। मोनालिसा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा 75 से अधिक छात्रों व छात्राओं ने मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाया। ग्रुप चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

### फेल-रिअपीयर विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड एवं हरियाणा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया है, जिसमें कई विद्यार्थी फेल व रिअपीयर रहे है। उन विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) बोर्ड से 10वीं व 12वीं में अक्टूबर माह में परीक्षा देकर अपने फेल विषयों को पास कर सकते हैं। डायरेक्टर विजय यादव ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के बराबर मान्यता है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का अनुपालन करते हुए, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नवंबर 1989 में की गई थी। एनआईओएस माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सामान्य और शैक्षिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ बहुत से व्यावसायिक है।

### स्कूल बस हादसा: लघु सचिवालय पहुंचकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

# हादसे में मृत बच्चों के परिजनों को न्याय नहीं मिला तो किया जाएगा बड़ा आंदोलन

**जिला उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंस पर ग्रामीणों को दिया जल्द मांग पूरी करने का आश्वासन, अप्रैल में उन्हाणी गांव के पास हुआ था हादसा**





महेंद्रगढ़। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बात करते ग्रामीण तथा लघुसचिवालय में उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

11 अप्रैल को गांव उन्हाणी के समीप हुए भयानक स्कूल बस हादसे में मृतक बच्चों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं उपायुक्त मोनिका गुप्ता के संज्ञान में मामला पहुंचने के बाद उन्होंने ग्रामीणों से वीडियो कांफ्रेंस पर बात की तथा जल्द ही सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से हादसे की जांच काईकोर्ट के सिटिंग जज से कराने, आरोपी स्कूल निदेशक सुभाष लोढ़ा को गिरफ्तार करने, मृतक बच्चों के परिवार को एक करोड़ तथा घायलों को 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता, मृतक बच्चों के परिवार को सरकारी नौकरी व निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, मुख्य आरोपी एवं जीएल स्कूल संचालक को ग्रीवेंस कमेटी से निलंबित करने, स्कूल की मान्यता रद्द करने, हादसे में घायल बच्चों को भविष्य में सरकारी नौकरी देने तथा 100 प्रतिशत मेडिकल सर्टिफिकेट देने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने घटनास्थल या दोनों गांवों के बीच में बच्चों की याद में स्मारक बनाने की भी मांग रखी। ग्राम पंचायत के सदस्यों का कहना है कि पंचायत की ओर से जिला प्रशासन को स्मारक के लिए निःशुल्क जमीन उपलब्ध कराई जाएंगी।

#### मांग नहीं मानी तो चुनाव का बहिष्कार

ग्रामीण ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अगर 17 मई तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो 20 मई को एसडीएम कनीना कार्यालय का घेराव किया जाएगा। 21 मई को महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय के बाहर 54 गांवों की महापंचायत का भी आयोजन किया जाएगा। महापंचायत में आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएंगी। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती तो ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार करेंगे। महापंचायत के लिए गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिया जाएगा।

#### उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंस पर ग्रामीणों से की बातचीत

एसडीएम ने ग्रामीणों को तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम ने उपायुक्त मोनिका गुप्ता से वीडियों कांफ्रेंस पर बातचीत कराई। ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी सभी मांग रखी। डीसी ने संज्ञान लेते हुए कहा कि वीरवार को नागरिक अस्पताल में सीएमओ को बैठने के आदेश दिए जाएंगे तथा सभी घायलों का 100 प्रतिशत मेडिकल बनवाया जाएगा। स्कूल संचालक को भी तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आचार सहिता लगने के कारण अन्य मांगों को अभी पूरा नहीं किया जा सकता हैं। चार जून के बाद सभी मांगों को पूरा कराया जाएगा। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही पीड़ित परिवार के सदस्यों तथा पंचायत के सदस्यों से मुलाकात करेंगी।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस की सुनैना ने 99.6 अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। संस्था के विद्यार्थी सुनैना गौत्तम ने 99.6 प्रतिशत, वंशिका तंवर ने 99.2 प्रतिशत, देवप्रिया, तनिषा पुनिया व रौनक ने 98.8 प्रतिशत, हर्षिता व रूचि शर्मा ने 98.6 प्रतिशत व पल्लवी डागर व श्रुति गोयल 98.4 प्रतिशत, विशाखा ने 98.2 प्रतिशत, खुशी, दिव्या गुप्ता एवं हंसिका सिंह चौहान ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया। आरपीएस संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओं इंजि. मनीष राव ने बताया कि मेधावी प्रतिभाओं ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में हम्युनिटिज, कॉमर्स एवं साईस स्ट्रीम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपना, अपने विद्यालय, अभिभावकों, शिक्षकों व इलाके का नाम रोशन किया। आरपीएस की सभी शाखाओं के प्राचार्य, उपप्राचार्य, डीन, विंग हैडस ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीईओ इंजि. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस संस्था अपनी परंपरा के अनुसार सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम दिया है, हम्यूनिटिज स्ट्रीम में आरपीएस की सुनैना गौत्तम ने 99.6, वंशिका तंवर ने 99.2 प्रतिशत, देवप्रिया व रौनक ने 98.8 प्रतिशत, हर्षिता व रूचि शर्मा ने 98.6 प्रतिशत, पल्लवी डागर ने 98.4 प्रतिशत एवं साइंस स्ट्रीम में तनिषा पुनिया ने 98.8 प्रतिशत, दिव्यांशी सैनी ने 97.2 प्रतिशत, वंश दीप एवं हिमांशी यादव ने 96.6 प्रतिशत एवं कॉमर्स स्ट्रीम में श्रुति गोयल 98.4 प्रतिशत, दिव्या गुप्ता एवं खुशी ने 98 प्रतिशत, विदुषी गोयल ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी स्ट्रीम में बेमिसाल प्रदर्शन किया। वहीं इस बार के परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के 13 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से भी अधिक और 191 विद्यार्थियों ने 95 से भी अधिक प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

- वंशिका 99.1 व देवप्रिया 98 .8 % अंक

## महालक्ष्मी महिलाओं के लिए वरदान

- कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह ने भाजपा सरकार को घेरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



देश की महिलाएं इस समय आसमान छूती महंगाई के कारण बड़े संकट से गुजर रही हैं और ऐसे समय में कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना उनके लिए वरदान साबित होगी। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने मंगलवार को गांव ढाणी फोगाट, नौसवा, चिड़िया, दातौली, दूधवा, छिल्लर, ढाड़ी, आदमपुर, बलाली, गुडाना, निहालगढ़, टोडी, कुब्जानगर, बेरला, जेवली, बाढ़डा, भाण्डवा, पंचगावा, गोपी, काकडौली हुक्मी, लाडांवास, द्वारका, श्यामकलां, डाडमा गांव में जनसभा को संबोधित किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने राव दानसिंह का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा हैं। आज हमारे देश की महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ है और उसकी नीतियां ही सबको आर्थिक स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगी। कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। चाहे मनरेगा हो, सूचना का अधिकार हो, शिक्षा का अधिकार हो या भोजन सुरक्षा, अपनी योजनाओं से कांग्रेस पार्टी ने लाखों भारतीयों को ताकत दी है। उन्होंने कहा कि पहले यहां एक सुई नहीं बनती थी।

## मोदी के नेतृत्व में विकसित व सुरक्षित बना भारतः अभय

- भाजपा की नीयत और नीति बिल्कुल साफ , जिसे लोगों ने स्वीकारा : धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़/भिवानी



सिंचाई मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आूतपूर्ण विकास हुआ है तथा भारत के सामने अब विदेशी ताकतें कमजोर पड़ गई है। भाजपा सरकार ने रेल, सडक, नए.नए हाईवे, रेलवे ओवरब्रिज व अंडर ब्रिज आदि की कनेक्टिविटी में सुधार किया है, जिसका सीधा लाा आमजन को हो रहा है। ऐसे में अब जनता को ाी यह दायित्व बनता है कि वे आमजन के हित की योजनाएं को क्रियान्वित रखने के लिए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाए। जिसके लिए जरूरी है ािवानी.महेंद्रगढ़ लोकसाा क्षेत्र ाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए नांगल चौधरी विधानसाा क्षेत्र के गांव अमरपुरा, बुडवाल, रायपुरा, गोठडी, असरावास, ढ़ाकोड़ा, नांगल सोडा, थनवास, नायन, लूजोता, नांगल दर्गू, मुसनोता, पाचनोता, इस्लामपुरा में जनसााओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे ाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें। इसके उपरांत चौ. धर्मबीर सिंह ने नारनौल विधानसाा क्षेत्र के गांव कावी, मुरारीपुर, दाणी बठोडा,मांदी, नांगल सालू, कारोता, ताजीपुर, जोरासाी, सुराणा, नीरपुर, शेखपुरा, नूनी आदि गांवों में जनसााओं को संबोधित कर उनके पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान ािवानी.महेंद्रगढ़ लोकसाा क्षेत्र के बाढड़ा, दादरी, नांगल चौधरी, नारनौल के 40 गांवों का दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान अटेली विधानसाा से अटेली ब्लॉक के साी 51 सरपंचों ने ाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह पर पूर्ण विश्वास जताते हुए ाजपा को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। इस मौके पर ाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि ाजपा की नीयत और नीति बिल्कुल साफ है। जिनको लोगों ने स्वीकार किया है। यही कारण है कि ाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ा है। धर्मबीर सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, जिसका श्रेय ाजपा सरकार की कल्याणकारी सोच व नीतियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की शरहद चारों तरफ से सुरक्षित है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनाई।



नारनौल। श्रीकृष्ण स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम में श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका ने ब्लॉक में लहराया परचम

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में स्कूल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को नकद राशि व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कक्षा 12वीं में विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। छात्रा प्रियंका पुत्री मनोज कुमार ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। छात्रा कुमकुम पुत्री संदीप कुमार ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। नेहा ने 94.8, नीलम 94, रशमी 93.4, रितिका 93, गगन 92.6, सचिन 92.6, हितिका 91.8, चंचल 91.4, अमित 90.4, आशीष 90.2, साहिल 90.2 अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं में 53 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं कक्षा 10वीं में 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। छात्र हिमेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। छात्रा नव्या अग्रवाल ने 96.6, संगीत 95.4, समीर 94.4, निकिता 93.6, भूपेश 93.4, पारूल 93.2, नेहा 93, रोहित 92.2, जिया 92, कीर्ति 91.4, खुशी 91.2, साक्षी 91, मेघा 91, धीरज 90.8 व जयप्रकाश ने 90.6 अंक हासिल किए। 10वीं कक्षा में 46 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

## कक्षा दसवीं और बारहवीं के परिणाम में छाए एमआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। खुशियां मनाते एमआर स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई बोर्ड की ओर से सोमवार को घोषित दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एमआर पब्लिक स्कूल ने मिशाल कायम की है। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के साथ-साथ 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी काफी शानदार रहा। दसवीं कक्षा का छात्र अनुप ने 96.2, अंश 93, खुशबू ने 92.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बारहवीं में हिमांशु ने नॉन मेडिकल में 96.4, वंशिका 93.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय रही। दिव्या ने मेडिकल 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान व आरती ने 94.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय प्राप्त किया। स्नेहा पुत्री रवीन्द्र कला संकाय में 93.3 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान व हिमांशी पुत्री राजकुमार 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य में गौरव पुत्र मेहर सिंह ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान व अन्नु पुत्री ज्ञानसिंह ने 91.3 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पर रही। दसवी में से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत व 41 विद्यार्थियों में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं स्कूल के 23 विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व 67 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। विद्यालय प्रागण में इस खुशी के मौके पर अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बधाई दी।

- शिक्षकों व छात्रों को दी बधाई



नारनौल। यदुवंशी स्कूल थनवास के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सीबीएसई परीक्षा परिणामों में यदुवंशी थनवास का दबदबा कायम

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें यदुवंशी थनवास के विद्यार्थियों ने नांगल चौधरी ब्लॉक में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में छात्रा प्रियंका ने 90 प्रतिशत अंक, रितु ने भी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में 10 छात्र-छात्राओं ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी तरह कक्षा 10वीं में छात्र देवेंद्र कुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे नांगल चौधरी ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अमन ने 94 प्रतिशत, रोहित ने 91 प्रतिशत, अंकिता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में छात्र देवेंद्र ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। अक्षित ने हिन्दी में 97 अंक, अंकिता ने सामाजिक में 95 अंक, रोहित ने विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा है कि आप आगे भी इसी प्रकार से हर प्रतियोगी परीक्षा में अपना परचम लहराते रहे। यदुवंशी थनवास की डायरेक्टर सुनीता यादव ने कहा कि यदुवंशी थनवास के बच्चे सभी प्रकार की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं।

### चौधरी हरप्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया जा रहा आयोजन

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर निकाली कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। श्रीमद्भागवत कथा सुनती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान के तत्वावधान में महता चौक स्थित चौधरी हरप्रसाद चेरिटेबल ट्रस्ट कुटुम्ब पैलेस में मंगलवार को सभी धर्म प्रेमी बंधुओं के सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। जिसमें कथा से पूर्व मंदिर से कलश व ध्वजा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान महेश भालोठिया व संजय अग्रवाल से आचार्य मनीष शास्त्री व पंडित अशोक, पंडित राहुल ने विधिविधान से श्री गणपति, कलश, नवग्रह, षोडश मातृका व पितरों सहित सभी कलश व ठाकुर का पूजन करवाया। आचार्य बजरंग शास्त्री ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यह कलश यात्रा महता चौक से होते हुए कथा स्थल पर जाकर सम्पन्न हुई। जहां पर सर्वप्रथम मुख्य यजमान ने भागवत जी का पूजन करवाकर भागवत जी को विराजमान किया। व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त कर भागवत आचार्य पंडित बजरंग शास्त्री का तिलक व माला से यजमान ने पूजन किया। प्रधान महेंद्र नूनीवाला ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक आचार्य पंडित बजरंग शास्त्री महाराज भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। कथा के संयोजक विजय जिंदल ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से इस धार्मिक आयोजन में सपरिवार आकर भाग लेने की अपील की। कथा में आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि भागवत की कथा सहजता में मिलना बहुत कठिन है। जीव के जब बहुत जन्मों के पुण्य उदय होते है तब श्रीमद्भागवत कथा की प्रप्ति होती है। भागवत की कथा धन्य है, जो कष्टों को दूर करने वाली है। उन्होंने कहा कि जो जीव श्रद्धा व विश्वास के साथ इसकी कथा को श्रवण करता है, प्रभु उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। आचार्य ने भागवत कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब धूंधकारी जैसा पापी व्यक्ति जिसने अपने पूरे जीवन में सभी पाप कर्म किए वो भी भागवत पुराण को सुनने से पवित्र हो गया। इस मौके पर सुरेश चौधरी, विनोद सोनी, सुरेंद्र गोयल, कृष्ण अग्रवाल, सुरेश शर्मा, मिडिया प्रभारी सोमदेव शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, राजकुमार चौधरी, मनोज अग्रवाल, प्रदीप संघी, राकेश बंसल, दीपक बंसल, लखन, श्याम बंसल, अमित चौधरी, महिला प्रधान रमा सोनी, अनुराधा नूनीवाला, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, रेखा संघी आदि मौजूद रहे।

### राव नेतराम स्कूल का 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से सोमवार को बारहवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें राव नेतराम के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ को बधाई देते हुए बताया कि कक्षा बारहवीं में गौरव पुत्र रत्नलाल रामपुरा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान व तन्नु पुत्री रमेश बिहाली व खुशी पुत्र अजित गोद की ढाणी ने 92 प्रतिशत द्वितीय, दीपिका पुत्री सुनिल 91 प्रतिशत तृतीय तथा कक्षा दसवी में रितिका पुत्री रतन सलीमपुर 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, दिव्या पुत्री मनोज ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा जिज्ञासा पुत्री नीरज गिरधरपुर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम का श्रेय उन सभी को को जाता है।



नारनौल। डीएवी स्कूल के विद्यार्थी।

### एमएलएस डीएवी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एमएलएस डीएवी का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा। विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें कक्षा 10वीं से मुकुल गोयल 97.8 प्रतिशत, गुरसिमर कौर ने 96 प्रतिशत, हिमांशु यादव, चित्राक्षी भारद्वाज व खनक जैन ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय से कुल 106 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। मुकुल गोयल व खनक जैन ने मैथ में 100 अंक प्राप्त किए, मुकुल गोयल ने विज्ञान विषय में 99 अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं कॉमर्स में जितेन गोयल ने 97.2 प्रतिशम, हिमानी गुप्ता ने 96.8 प्रतिशत, मेडिकल से ख़ुशी शर्मा ने 96.6 प्रतिशत तथा कॉमर्स संकाय से भविष्य गुप्ता ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं से कुल 134 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। हिमानी गुप्ता ने अकाउंट में 100 अंक प्राप्त किए। वंशिका सोनी व तुषार ने राजनीती विज्ञान में 99 अंक, कपिल सैनी बायोलॉजी में 99 व संगीत विषय में कुल 22 बच्चों ने 100 अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट प्रतिभा पर विद्यालय परिवार ने प्रशंसा जाहिर की। प्राचार्य विरेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का बेहतरीन परीक्षा परिणाम शिक्षकगण, विद्यार्थी व अभिभावकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है। प्राचार्य ने उत्कृष्ट प्रतिभा वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।